<u>**मुख्य विस्फोटक नियंत्रक कार्यालय, पेसो, नागपुर कार्यालय की विशेष उपलब्धि**</u>

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नागपुर द्वारा दिनांक 26.**02.2015** को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मध्य रेल, नागपुर नराकास पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया । इस समारोह में श्री पी.सी. श्रीवास्तव, मुख्य विस्फोटक नियंत्रक महोदय अध्यक्ष के रूप में आमंत्रित थे ।










उक्त समारोह में वर्ष 2013-2014 के लिए कार्यालय मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, नागपुर को राजभाषा कार्यान्वयन के लिए श्री राजेन्द्र दूबे, उपमहाप्रबंधक-, पावरग्रिड एवं सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नागपुर द्वारा **विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार तथा हिन्दी गृह पत्रिका विस्फोटक दर्पण अंक 13 हेतु श्री संजीव गोयल, पूर्व सचिव नराकास एवं प्रधान वैज्ञानिक, नीरी, नागपुर द्वारा विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया** । यह पुरस्कार श्री पी.सी. श्रीवास्तव, मुख्य विस्फोटक नियंत्रक महोदय एवं कार्यालय की हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे ने ग्रहण किया । इस अवसर पर नराकास संपादक मंडल एवं कार्याकारी सदस्या के रूप में संगठन की हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे को भी सम्मानित किया गया ।






इस अवसर पर अन्य कार्यालयों द्वारा आयोजित अंतर्कायालयीन प्रतियोगिताओं के साथ मुख्यालय द्वारा आयोजित अंतर्कार्यालयीन हिन्दी प्रतियोगिता "चित्र पर आधारित कहानी लेखन" के विजेताओं को श्री पी.सी. श्रीवास्तव, मुख्य विस्फोटक नियंत्रक महोदय द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए ।

**<u>उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, इलाहाबाद कार्यालय की विशेष उपलब्धि</u>**


**इलाहाबाद कार्यालय को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, इलाहाबाद द्वारा वर्ष 2013-2014 हेतु कार्यालय में राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु <u>राजभाषा गौरव सम्मान</u> से सम्मानित किया गया ।**







**कार्यालयाध्यक्ष श्री ए. पी. सिंह, उप-मुख्य विस्फोटक नियंत्रक द्वारा यह पुरस्कार ग्रहण किया गया**



गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, इलाहाबाद
(मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय)

प्रमाण-पत्र

वर्ष........2013-14..........के दौरान अपने कार्यक्षेत्र में राजभाषा हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने में ......उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक.....ने सराहनीय प्रयास किया।

इस उपलक्ष्य में इस कार्यालय के श्री......ए. पी. सिंह, उप मुख्य विस्फो. नियंत्रक......के योगदान की विशेष प्रशंसा की जाती है।

सदस्य सचिव
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
इलाहाबाद

अध्यक्ष
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
इलाहाबाद

**इस उपलब्धि हेतु इलाहाबाद कार्यालय को संगठन की ओर से हार्दिक बधाई ।**

## मुख्यालय, नागपुर को न.रा.का.स.नागपुर द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन हेतु द्वितीय पुरस्कार तथा हिन्दी गृह पत्रिका- विस्फोटक दर्पण अंक 12 हेतु विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान ।







पुरस्कार सं.मु.वि.नि. डा.एस. कमल, उप- मु.वि.नि.एवं सं.हि.अ. श्री रजनीश पिपलानी, तथा हि.अ. श्रीमती वैशाली चिरडे, द्वारा ग्रहण किया गया ।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (न.रा.का.स.), नागपुर द्वारा दिनांक 28.08.2013 को राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी, नागपुर के प्रेक्षागृह में आयोजित न.रा.का.स. पुरस्कार वितरण में कार्यालय मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, पेसो, नागपुर को राजभाषा कार्यान्वयन के लिए **द्वितीय पुरस्कार तथा हिन्दी गृह पत्रिका विस्फोटक दर्पण अंक 12 हेतु विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।**

पुरस्कार संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक डा. एस. कमल, उप-मुख्य विस्फोटक नियंत्रक एवं संपर्क हिन्दी अधिकारी श्री रजनीश पिपलानी, तथा हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे, द्वारा ग्रहण किया गया । इस अवसर पर नराकास द्वारा संगठन की हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे को सूत्रधार पुरस्कार प्रदान किया गया ।

वर्ष 2012-2013 के लिए नराकास, नागपुर के तत्वाधान में विभिन्न कार्यालयों द्वारा आयोजित की गई अंतर-कार्यालयीन प्रतियोगिताओं में पेसो, नागपुर की हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे को मेरे कार्यालय के संदर्भ में हिन्दी पखवाड़ा आयोजन की सार्थकता (पावर पॉईंट प्रस्तुतिकरण ) प्रतियोगिता हेतु श्रेणी मध्य में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्रदान किया गया ।






हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे को मेरे कार्यालय के संदर्भ में हिन्दी पखवाड़ा आयोजन की सार्थकता (पावर पॉईंट प्रस्तुतिकरण) प्रतियोगिता हेतु सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार तथा सूत्रधार पुरस्कार प्राप्त हुआ ।







इसके अलावा कार्यालय के आशुलिपिक ग्रेड-2- श्री महेंद्र सायरे को यूनिकोड टंकण प्रतियोगिता हेतु द्वितीय पुरस्कार तथा कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक श्रीमती आरती भावे को एकाक्षरी चिंतन प्रतियोगिता में प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त हुआ ।



राजभाषा के प्रचार-प्रसार में उत्कृष्ठ योगदान के लिए नराकास, नागपुर द्वारा पेसो, नागपुर को वर्ष 2007-08 में प्रोत्साहन पुरस्कार, 2008-09 में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ




क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय,गाजियाबाद से पुरस्कार स्वरूप शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते हुए कार्यालय प्रमुख श्री डी. विजयन, संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक तथा राजभाषा अधिकारी डा. संजयकुमार सिंह, उप- विस्फोटक नियंत्रक



भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, फरीदाबाद के तत्वाधान में दिनांक 7/6/2011 को आयोजित वर्ष 2009-2010 की शील्ड प्रतियोगिता में केन्द्रीय कार्यालय वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर शील्ड एवं प्रशस्ति प्रमाणपत्र ग्रहण करते हुए कार्यालय अध्यक्ष, डा0 सुदर्शन कमल।




नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति इलाहाबाद द्वारा कार्यालय उप-मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, इलाहाबाद को गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया । श्री अब्दुल बसीर, उप-विस्फोटक नियंत्रक, पुरस्कार प्राप्त करते हुए ।




नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नागपुर द्वारा पेसो,नागपुर से प्रकाशित हिन्दी गृह-पत्रिका को वर्ष 2009-10 तथा वर्ष 2010-11 के लिए पुरस्कृत किया गया । इस अवसर पर श्री पी.सी. श्रीवास्तव,सं.मु.वि.नि., श्री सुबोध कुमार शुक्ला, उप-मु.वि.नि. एवं संपर्क हिन्दी अधिकारी एवं श्रीमती वैशाली चिरडे, हिन्दी अधिकारी ।

मु.वि.नि.,नागपुर कार्यालय को राजभाषा कार्यान्वयन हेतु **तृतीय पुरस्कार तथा हिन्दी गृह पत्रिका विस्फोटक दर्पण अंक 11 हेतु प्रोत्साहन पुरस्कार**



वर्ष 2011-2012 के लिए मु.वि.नि.,नागपुर कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन के लिए नराकास,नागपुर द्वारा **तृतीय पुरस्कार तथा हिन्दी गृह पत्रिका विस्फोटक दर्पण अंक 11 हेतु प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया ।** नराकास अध्यक्ष डॉ. सतीश वटे, निदेशक, नीरी, नागपुर तथा डॉ एम. एल. गुप्ता, उप निदेशक, राजभाषा कर्यान्वयन(पश्चिमी क्षेत्र), मुंबई से पुरस्कार मुख्यालय के श्री रजनीश पिपलानी, उप-मुख्य विस्फोटक नियंत्रक एवं संपर्क हिन्दी अधिकारी तथा श्रीमती वैशाली चिरडे, हिन्दी अधिकारी द्वारा ग्रहण किया गया ।

इस अवसर पर नराकास संपादक मंडल एवं कार्याकारी सदस्य के रूप में संगठन की हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे को भी सम्मानित किया गया ।

## संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, मध्यांचल,आगरा की "**विशेष उपलब्धि**"






कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, मध्यांचल,आगरा को वर्ष 2010-2011 के लिए उत्तर क्षेत्र– 2 (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड) में केन्द्र सरकार के समस्त कार्यालयों में **प्रथम पुरस्कार** प्रदान किया गया । श्री आर० के० कालिया, संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग की उपस्थिति में प्रो० सुधा पाण्डेय, कुलपति, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार द्वारा पुरस्कार स्वरूप **कार्यालयाध्यक्ष श्री कैलाश कुमार, संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक को शील्ड प्रदान की गई तथा तत्कालीन राजभाषा अधिकारी डा० संजय कुमार सिंह, उप-विस्फोटक नियंत्रक को वर्ष 2010-11 के दौरान संगठन द्वारा संघ की राजभाषा नीति के श्रेष्ठ निष्पादन के लिए प्रथम स्थान प्राप्त करने में उनके सराहनीय योगदान के लिए व्यक्तिगत प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया ।**

# " अभिव्यक्ति 26/11 " का विमोचन



मुख्यालय द्वारा आयोजित अंतर्कार्यालयीन हिन्दी प्रतियोगिता "चित्र पर आधारित कहानी लेखन" में प्रतिभागियों द्वारा लिखित कहानियो के संकलन " अभिव्यक्ति 26/11" का नराकास के वरिष्ठ एवं विशिष्ठ महानुभावों द्वारा विमोचन किया गया । डॉ. संजीव गोयल, सदस्य सचिव-नराकास एवं प्रधान वैज्ञानिक तथा श्रीमती वैशाली चिरडे, हिन्दी अधिकारी द्वारा संपादित इस पुस्तक में मुंबई में 26/11 को हुई आतंकवादी घटना के एक ही चित्र् पर विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा अलग अलग दृष्टिकोण से लिखी विविध आयामों को दर्शाती ऐसी 26 कहानियों को सम्मिलित किया गया हैं ।

## संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक कोलकाता कार्यालय द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित



भारत सरकार, गृह मंत्रालय विभाग द्वारा संघ की राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन तथा राजभाषा के प्रगामी प्रयोग हेतु वर्ष 2010-2011 के लिए क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्व क्षेत्र) के क्षेत्राधिकार के अन्तगर्त ग क्षेत्र मे केन्द्र सरकार के समस्त कार्यालयो मे संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, पूर्वांचल कार्यालय को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। पुरस्कार स्वरुप कार्यालय को राजभाषा शील्ड तथा तत्कालीन राजभाषा अधिकारी श्री एम.के.त्रिवेदी, विस्फोटक नियंत्रक को वर्ष 2010-2011 के दौरान संगठन द्वारा संघ की राजभाषा नीति के श्रेष्ठ निष्पादन के लिए द्वितीय स्थान प्राप्त करने में उनके सराहनीय योगदान के लिए व्यक्तिगत प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया ।